# रबी सीजन के लिए अस्थाई कनेक्शनों का टैरिफ प्लान जारी

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 30 नवंबर. विद्युत वितरण कंपनी ने रबी सीजन में सिंचाई के लिए दिए जाने वाले अस्थाई कनेक्शनों की दरें जारी कर दी है।**

**तीन महीने से कम का नहीं मिलेगा कनेक्शन**

**राशि में बढ़ोत्तरी से किसान परेशान**

नए टैरिफ प्लान में पिछले साल की तुलना में कनेक्शन की दरों में इजाफा किया है। बताया गया कि पिछले साल 3 एचपी कनेक्शन के रेट तीन माह के 5503 रुपए थे, जो इस साल बढकर 5917 रुपए पर पहुंच गए है। इसी प्रकार 5 एचपी कनेक्शन के तीन माह के रेट 8946 रुपए थे, जो इस साल बढ ?र 9634 हो गए हैं, वहीं किसानों को न्यूनतम तीन महीने का विद्युत पंप कनेक्शन लेने की अनिवार्यता की गई है। यह ऐसी बाध्यता है जिसमें किसानों को ना चाहकर भी तीन महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा। कंपनी का कहना है कि यदि किसानों को एक या दो माह का कनेक्शन चाहिए, तो उसे तीन माह का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा, लेकिन यदि वह एक या दो माह में अपना कनेक्शन कटवा लेता है तो उसकी शेष राशि या तो वापस लौटा दी जाएगी या उसके बिल में समायोजित कर दी जाएगी।

**चार्जेस में परिवर्तन से दरें हो सकती हैं परिर्वनशील :** दरों की गणना राज्य शासन से दी गई सब्सिडी कम करने के बाद की गई है, लेकिन कंपनी यह भी कह रही है कि एफसीए चार्जेस में समय-समय पर परिवर्तन होने से दरें



परिवर्तनशील हो सकती हैं। ऐसे में जो टैरिफ है उसमें आगे चलकर दरें बढ़ सकती है। वहीं कंपनी किसानों को यह सलाह भी दे रही है कि उचित रेटिंग का कैपेसिटर पंप कनेक्शन पर स्थापित किया जाए। यदि किसान कैपेसिटर लगाते हैं तो उनसे इसका प्रभार नहीं लिया जाएगा। कैपेसिटर नहीं लगे होने की स्थिति में सरचार्ज भी जमा करना होगा। किसानों के लिए यह ऐसी बाध्यता है जिसमें ना चाहकर भी किसानों को तीन महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा। जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। हालांकि पूर्व में यही स्थिति सामने आने पर किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा था। जिसके बाद कंपनी के सीएमडी ने नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए दो महीने का कनेक्शन देने के आदेश जारी किए थे। वहीं स्थिति एक बार फिर सामने आने पर किसानों में नाराजगी है। बताया गया कि विद्युत कंपनी जिले में हर साल रबी सीजन में 22 से 24 हजार अस्थाई कनेक्शन जारी करती है।

**यह है पंप थ्री फेस कनेक्शन का टैरिफ प्लान**

| पंप क्षमता | तीन माह | चार माह | पांच माह |
|---|---|---|---|
| 3 एचपी | 5917 | 7775 | 9634 |
| 5 एचपी | 9634 | 12732 | 15831 |
| 8 एचपी | 15211 | 20168 | 25125 |
| 10 एचपी | 18929 | 25125 | 31321 |
| 13 एचपी | 41084 | 54666 | 68247 |
| 15 एचपी | 47353 | 63023 | 78694 |
| 20 एचपी | 63023 | 83918 | 104812 |

(माह वार के आंकड़े राशि में दर्ज हैं।)

> रबी सीजन के लिए दिए जाने वाले अस्थाई कनेक्शनों की दरों में कुछ इजाफा हुआ है। किसानों को कम से कम तीन महीने का अस्थाई कनेक्शन लेना अनिवार्य है।
>
> **– भूपेन्द्र बघेल, महाप्रबंधक,** बैतूल वृत्त, विद्युत वितरण कंपनी बैतूल

### तीन महीने के कनेक्शन की बाध्यता से बढ़ा बोझ

किसानों को न्यूनतम तीन महीने का विद्युत पंप कनेक्शन लेने की अनिवार्यता ने किसानों को असमंजस में डाल दिया है। किसानों के लिए यह ऐसी बाध्यता है जिसमें ना चाहकर भी किसानों को तीन महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा। जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। हालांकि पूर्व में यही स्थिति सामने आने पर किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा था। जिसके बाद कंपनी के सीएमडी ने नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए दो महीने का कनेक्शन देने के आदेश जारी किए थे। वहीं स्थिति एक बार फिर सामने आने पर किसानों में नाराजगी है। बताया गया कि विद्युत कंपनी जिले में हर साल रबी सीजन में 22 से 24 हजार अस्थाई कनेक्शन जारी करती है।

### फसलें खराब होने से किसानों की हालत खस्ता

पिछले दो-तीन सालों से लगातार फसलें खराब होने के कारण किसानों की हालत पहले से खस्ताहाल है। इस खरीफ सीजन में भी अतिवृष्टि से फसलें खराब हुई हैं। कंपनी के आदेश ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। पहले तो किसानों के पास इतना पैसा नहीं है कि वे सीधे तीन माह का कनेक्शन लें। एक माह के कनेक्शन के लिए ही जैसे-तैसे करके पैसे जुड़ पा रहे हैं। ऐसे में कंपनी का यह कहना कि तीन महीने से कम कनेक्शन नहीं दिया जाएगा, तो किसानों के लिए यह किसी आफत से कम नजर नहीं आ रहा है। इधर तीन माह के पीछे कंपनी का तर्क यह है कि इससे कम अवधि का कनेक्शन दिया भी जाता है तो भी किसान बिजली का उपयोग दो से तीन महीने तक करता है। ऐसे में चोरी के प्रकरण भी बनाने पड़ते हैं।

**एक नजर में**

## शासकीय महाविद्यालय ने मनाई गीता जयंती

**सारनी।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णुसिंग उईके शासकीय महाविद्यालय सारनी मे हर्षोउल्लास के साथ गीता जयंती मनाई गई. द्वारा कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार गीता मंदिर प्रांगण सलैया में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य ओमप्रकाश जोशी द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं गीता पाठ का वाचन किया गया.एनएसएस महिला इकाई एवं पुरुष इकाई द्वारा भजन कीर्तन व प्रसादी के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप पंद्राम, कार्यक्रम प्रभारी अनीता नागले,डॉ.अंजना संजय राठौर, डॉ हरीश लोखंडे,डॉ राजेश हनोते, उत्तम साहू,डॉ दीपक मानकर,डॉ दसरू यदुवंशी,ज्योति भावरसे, अर्चना महाले, दिनकर लिखिकर,अनुज हालदार,लक्ष्मी नागले, रीना उईके,निकिता सोनी,अनीता नागले,गंगा चौरे,कविता धोटे, अनिल तुमदाम,मोहन पवार, आशीष परते व समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मानसरोवर स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

**बैतूल।** मानसरोवर द स्कूल में पांचवें स्थापना दिवस पर प्रथम वार्षिक उत्सव उद्गम से प्रारंभ गुरुवार को शानदार अंदाज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आमला विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर और सहायक संचालक बैतूल भूपेंद्र वरकड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सबसे बड़ी आकर्षण प्रस्तुति युग दर्शन रही, जिसमें सतयुग से लेकर कलियुग तक चारों युगों का भव्य चित्रण छात्रों ने मंच पर जीवंत कर दिया। दर्शकों ने प्रस्तुति की कलात्मकता और भाव के अनुरूप अद्भुत प्रस्तुतीकरण की सराहना की। छात्रों ने भगवान विष्णु के दस अवतार का मंचन कर संस्कृति और अध्यात्म का अद्वितीय संगम पेश किया। वहीं योग के महत्व पर आधारित विशेष प्रदर्शन ने स्वास्थ्य, संतुलन और एकाग्रता की अवधारणा को प्रभावी रूप से सामने रखा। क्रिकेट महिला विश्व कप विजेताओं की प्रेरणादायी कहानी पर आधारित स्पोर्ट्स डांस ने दर्शकों में जोश भर दिया।

# पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार

**बैतूल। पुलिस ने आदतन अपराधी अम्मू उर्फ आमिर को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अनिकेत कुमार पिता राजेश कुमार भारती, उम्र 25 वर्ष निवासी कांग्रेस नगर पाथाखेड़ा (हाल बंजारा होटल, बागडोना) ने रिपोर्ट की कि आरोपी अम्मू उर्फ आमिर द्वारा अपने साथी पप्पू उर्फ वसीम को पुरानी रंजिश के कारण गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से बियर की बोतल एवं हाथ में पहने कड़े से पप्पू अंसारी पर प्राणघातक हमला



किया गया। रिपोर्ट पर थाना सारनी में धारा 296, 109(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी शोभापुर कॉलोनी क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी अम्मू उर्फ आमिर को शोभापुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को विधिवत अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में पेश किया।

आरोपी बदमाश प्रवृत्ति का है तथा थाना सारनी में इसके विरुद्ध मारपीट, चोरी एवं अवैध हथियार रखने संबंधी पूर्व में कई प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी को जाहिरा निगरानी बदमाश सूची में सम्मिलित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक मनोज उसके, उप निरीक्षक नितिन उइके, सहायक उप निरीक्षक अजय भाट, प्रधान आरक्षक मनोज डेहरिया, ज्ञान सिंह टेकाम, आरक्षक राकेश करपे, राजू वरकडे, रवि मोहन, सुभाष मंडलोई, अनुज यादव, आरक्षक चालक नितिन यादव, सैनिक सुभाष हीरालाल की सराहनीय भूमिका रही।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बैतूल। बैतूल-छिंदवाड़ा हाइवे पर दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल तीन युवकों में से एक की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई।**

मृतक की पहचान जेताढाना निवासी 35 वर्षीय राजू पिता शिवदीन के रूप में हुई है। राजू को पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। जिला अस्पताल पुलिस चौकी मृतक का पोस्टमार्टम कराएगी। यह हादसा शुक्रवार रात दुनावा मैनी खापा क्षेत्र में हुआ था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, तीन युवक एक ही बाइक पर तेज रफ्तार से जा रहे थे। मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में लिलाझर निवासी 17 वर्षीय अजय पिता बोबिया के हाथ की एक उंगली कट गई और हाथ में गंभीर फ्रैक्चर आया। जेताढाना निवासी 23 वर्षीय राहुल पिता साहेबलाल नानकर के पैर में गहरा फ्रैक्चर हुआ। मृतक राजू भी जेताढाना का निवासी था और उसे सबसे गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 108 एंबुलेंस द्वारा शनिवार रात करीब 1 बजे बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया गया। उन्हें लगभग 2 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया था। गंभीर रूप से घायल राजू की हालत आईसीयू में लगातार बिगड़ती गई। शनिवार-रविवार की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ड्यूटी पर तैनात डॉ. अंकित श्रीवास्तव ने उन्हें मृत घोषित किया। फिलहाल अन्य दो घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का प्रमुख कारण बताया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही हादसे की सहीं जानकारी सामने आयेगी।

# संगोष्ठी : गीता केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है

**बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी द्वारा गीता जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रीति वर्धन चतुर्वेदी, प्रोफेसर हेमंत निरापुरे के आतिथ्य में और ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रीति वर्धन ने कहा कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में भगवद्-गीता का दिव्य उपदेश दिया था कि तुम अपना कर्म करो फल की चिंता मत करो। उन्होंने वर्तमान परिपेक्ष में जिस तरह से जातिवाद एवं विघटित होने की जो मानसिकता आज समाज में है उसमें संगठित रहने की बात कही। प्रो.निरापुरे ने भी गीता जयंती का महत्व सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है। मनुष्य को भय, दुख और मोह से निकालती है। जीवन में कर्म, भक्ति, ज्ञान और समता का संदेश देती है। संतोष राजपूत ने बताया कि गीता जयंती कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने वृहद रूप दिया है जिससे गीता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि अपने-अपने प्रयोगशाला ग्राम में गीता जयंती का आयोजन करें एवं गीता का संदेश के संदेश को प्रचारित करें।

# जिलाध्यक्ष ने गोडीगौला में सुनी मन की बात

**बैतूल। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वकांक्षी कार्यक्रम मन की बात का 128 वॉ प्रसारण बैतूल जिले के 1593 बूथो पर देखा व सूना गया।**

इसी कडी में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार बैतूलबाजार मंडल के गोडी गौला बूथ क्रमांक 230 पर शामिल होकर उपस्थित ग्रामीणजनो के बीच मन की बात पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हर महीने के अंतिम रविवार को मन की बात के माध्यम से संवाद करते है। भारत की महान संस्कृति में आज शांति और करूणा का भाव आज के कार्यक्रम में मोदी जी



सहजता से समझाया है। साथ ही लोकल फॉर वोकल से आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के मंत्र को दोहराया। भगवान बुद्व के पवित्र अवशेष को लेकर भारतवासियों की भावना जब साझा की तो हर स्त्रोता और दर्शक का हदय गर्व से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील पंवार, मंडल महामंत्री अभिषेक विक्की राठौर, उपाध्यक्ष कांति पंवार, अरविंद राठौर, उमेश राठौर सोनू राठौर ,सरपंच रेखा अहाके, तेजीराम पांसे, सुभाष लोखंडे, गोलू अहाके सहित बूथ अध्यक्ष संदीप देशमुख, बूथ महामंत्री, बूथ समिति के सदस्यों सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# कोयलांचल में चल रहे पांच सौ के नकली नोट, मिला नकली नोट

**सारनी।** कोयलांचल क्षेत्र में 500 के नकली के नोटों का चलन शुरू होने से हड़कंप मच गया है.कई व्यापारी 500 नकली के नोट लेकर ठगी का शिकार हो गए हैं। शुक्रवार को सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक के संचालक रमेश पवार ने भारतीय स्टेट बैंक पाथाखेड़ा में पैसा जमा कराए उसमे एक नोट 500 का नकली मिला है, उन्होंने कहा कि उनका इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है और उनके माध्यम से शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिकल का सामान सप्लाई करने का काम किया जाता है। किसी ने 500 का नकली नोट थमा दिया इन्हें पता ही नहीं चल पाया। बैंक के कर्मचारियों ने क्रॉस का चिन्ह लगाकर यह 500 का नोट रमेश पवार को वापस किया है इस 500 के नोट पर 7 ईएस 830347 नंबर अंकित है लेकिन यह डुप्लीकेट होने की वजह से बैंक ने इस पर क्रॉस लगाकर रमेश पवार को यह 500 का नोट वापस दे दिया है। ऐसे में क्षेत्र के व्यापारी अब किसी से भी रुपए लेनदेन करने में काफी सावधानी बरतनी पड़ेगी। मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के ग्राम पेठिया में मदरसे से 20 लाख के नकली नोट मिलने के मामले में पुलिस को नई जानकारियां मिली हैं। आरोपियों को 10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है।

# बिना फार्मासिस्ट के चल रहे मेडिकल स्टोर

**पाथाखेड़ा।** सारनी शहर तथा पाथाखेड़ा, बागडोना सहित आसपास के क्षेत्रों में बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट एवं बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के स्पष्ट निर्देश अनुसार मेडिकल स्टोर संचालन हेतु अधिकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य है, वहीं इंजेक्शन समेत कई श्रेणी की दवाइयों की बिक्री बिना पंजीयन के पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कई स्थानों पर दवाइयों का व्यापार बेहिचक जारी है, जहां न तो योग्य फार्मासिस्ट मौजूद है और न ही लाइसेंस प्रदर्शित। स्थानीय नागरिकों के अनुसार क्षेत्र में नियमों की अनदेखी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। कुछ समय पूर्व दवाई के गलत उपयोग से हुई दुर्घटना के बाद भी न तो जिम्मेदारों ने सतर्कता बढ़ाई और न ही निरीक्षण की गति में सुधार देखा गया। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो भविष्य में परिणाम खतरनाक हो सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि कई दुकानों में ऐसी दवाइयां भी बेची जा रही हैं जिनकी बिक्री स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अंतर्गत ही होनी चाहिए। परंतु मुनाफे की दौड़ में संचालक संवेदनशील दवाइयों तक को बिना परामर्श के उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका लगातार बढ़ रही है। इस संबंध में जिला बैतूल औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष मनीष सिंह साहनी का कहना है कि मेडिकल स्टोर लाइसेंस बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के जारी नहीं किया जा सकता तथा स्टोर पर फार्मासिस्ट की मौजूदगी अनिवार्य है। नियमों के विरुद्ध संचालित ऐसे प्रतिष्ठानों पर त्वरित जांच एवं कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# माइम में राष्ट्रीय मंच के लिए चयनित हुई जेएच कॉलेज की टीम

**बैतूल।** औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) में आयोजित ज़ोन लेवल यूथ फेस्टिवल 2025 में इस बार बैतूल जिले ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसका वर्षों से इंतजार था। पीएम श्री जे.एच. कॉलेज बैतूल की माइम टीम ने पहली बार प्रथम स्थान प्राप्त कर सीधे राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर जिले का नाम चमका दिया। उल्लेखनीय है कि माइम एक प्रदर्शन कला है जिसमें कलाकार बिना बोले, हाव-भाव और शारीरिक हरकतों से भावनाओं और कहानियों को व्यक्त करते हैं। इस कला में, मौन अभिनय के माध्यम से संचार किया जाता है, जो गैर-




मौखिक संचार पर बहुत अधिक निर्भर करता है। टीम की प्रस्तुति का विषय था लड़कियां कमजोर नहीं हैं। माइम में दिखाया गया कि त्रेतायुग, द्वापरयुग से लेकर आधुनिक समय तक भले ही महिलाओं ने अत्याचार सहन किए हों, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार करता है तो वही नारी अपने रौद्र रूप में अत्याचार का अंत करती है। नारी शक्ति, साहस, आत्मनिर्भरता और जागरूकता के इस सशक्त संदेश ने दर्शकों को इतना प्रभावित किया कि पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। इस प्रभावी मूकाभिनय का निर्देशन लक्की इंगले और सोनू कुशवाह ने किया। मंच पर करन धाड़से, विवेक पवार, ऋषि कापसे, समीर वाड़ीवा, विष्णु धुर्वे और प्रेरणा सातपुते ने बेहद संयमित और भावपूर्ण अभिनय कर सभी का दिल जीत लिया। उनकी अभिव्यक्ति और प्रस्तुति ने जजों पर भी गहरी छाप छोड़ी। प्रस्तुति की ऊर्जा और प्रभाव को सागर पांसे और अर्जुन धाड़से की संगीत संगत ने और अधिक मजबूत कर दिया। टीम की इस उपलब्धि के पीछे सोनू कुशवाहा, अमोल नागले, का विशेष सहयोग भी रहा।

**अनदेखी** | **सरकार की योजनाएं कागज पर जिंदा**

# सरकारी सिस्टम फेल, नेत्रहीन दंपति पेड़ों के नीचे जिंदगी काटने मजबूर

**बैतूल।** यह सबसे बड़ा विडंबनापूर्ण सच है कि बैतूल जैसे आदिवासी बहुल जिले में, जहां हर मंच पर विकास और जनजातीय कल्याण की बातें होती हैं, वहीं एक नेत्रहीन आदिवासी दंपत्ति धाधु उइके और उसकी पत्नी सुशीला वर्षों से पेंशन, राशन और किसी भी सरकारी योजना से वंचित होकर जंगल में लकड़ी बेचकर पेट भरने को मजबूर हैं। योजनाओं के भारी-भरकम दावों के बावजूद इस परिवार तक राहत की एक किरण भी नहीं पहुंच सकी। यह सिर्फ गरीबी नहीं, यह उस सिस्टम की नाकामी है जो आदिवासियों के नाम पर योजनाएं बनाता है, पर एक नेत्रहीन दंपत्ति तक उनका हक पहुंचाने में भी नाकाम साबित होता



है। जिले की ग्राम पंचायत सराड के जंगल में रह रहे नेत्रहीन धाधु उइके अपनी पत्नी सुशीला के सहारे ही जीवन की हर सांस पूरी कर पा रहा है, जबकि सुशीला खुद अपने पति पर ही निर्भर है। आदिवासी बहुल क्षेत्र में जनजातीय समुदाय के लोगों को अब भी ऐसी कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताना पड़ रहा है, जहां सहारा भी सहारे का मोहताज है। बैतूल के जनजातीय क्षेत्र की यह तस्वीर बताती है कि एक नेत्रहीन पति और उसका संघर्षरत जीवनसाथी कैसे एक-दूसरे को थामकर जीने की कोशिश कर रहे हैं। किसी तरह जंगल से लकड़ी बीनकर दो वक्त की रोटी जुटाने वाला यह परिवार योजनाओं और सरकारी दावों से दूर, मूलभूत अधिकारों के बिना जीवन काटने को मजबूर है।

**मानवता की मिसाल बनी राष्ट्रीय हिन्दू सेना :** जब सिस्टम ने आंखें मूंद लीं, तब राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए परिवार तक पहुंचकर सहारा दिया। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के पदाधिकारियों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए इस परिवार की व्यथा को सुना और तुरंत पहुंचकर मदद का हाथ बढ़ाया। जिला अध्यक्ष अनुज राठौर ने बताया कि जंगल में ऐसे कई परिवार हैं जिन्हें उनके अधिकार नहीं मिल रहे।

### राष्ट्रीय जनजाति आयोग और कलेक्टर को लिखेंगे पत्र

राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने घोषणा की है कि इस नेत्रहीन परिवार के हक के लिए अब लड़ाई लड़ी जाएगी। संगठन ने बताया कि वे राष्ट्रीय जनजाति आयोग को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराएंगे और जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे ताकि जिनके नाम काटे गए हैं, वे जिम्मेदार अधिकारी चिन्हित किए जाएं और परिवार को तुरंत योजनाओं का लाभ मिले। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय का कहना है कि जहां सरकार की योजनाएं कहती हैं कि नेत्रहीनों को पेंशन, अनाज और सुविधा मिलेगी, वहीं इस परिवार की थाली पिछले डेढ़ वर्ष से खाली है और उनका राशन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी सब होने के बावजूद भी उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा।

# धम्मदीना के मार्गदर्शन में प्रतिनिधि बोधगया रवाना

**सारनी।** धम्म दीना के मार्गदर्शन मे 13 प्रतिनिधि बोधगया के लिए रवाना हुए है.20वें अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी प्रतिभागियों का पंजीकरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। यह विशाल बौद्ध आयोजन भारत के 17 बौद्ध संगठनों के पहली बार एकजुट होकर आयोजित किए जा रहे ऐतिहासिक संगायन का प्रतीक है, जिसमें दुनिया भर से 20,000 से अधिक भिक्षु एवं उपासक-उपासिकाएं शामिल होंगी। सभी प्रतिनिधि 30 नवंबर प्रस्थान करेंगे.बोधगया, बिहार बोधगया पहुँचने के बादभव्य बौद्ध परिक्रमा करेंगे. 2 दिसंबर को सुबह त्रिपिटक पाठ पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे धर्म उपदेश: हिंदी और अंग्रेजी में विशेष उपदेश अंतर्राष्ट्रीय



सांस्कृतिक कार्यक्रम मे शिरकत करेंगे। विभिन्न देशों के कलाकारों की प्रस्तुति इस अंतर्राष्ट्रीय संगायन में सारनी के प्रतिनिधियों की भागीदारी से क्षेत्र में बौद्ध धर्म की शिक्षाओं के प्रति जागरूकता और सम्मान और अधिक बढ़ेगा। सारनी के उपासक उपासिकाओं मे आयुष्मती सीता नागले, आयुष्मती इमल पाटील, आयुष्मान विट्ठल ढोके, आयुष्मती कंचना ढोक आयुष्मती माधुरी गजभिय, आयुष्मान दीनानाथ चौकीकर, आयुष्मती ममता चौकीकर, आयुष्मान रविरंजन राऊत, आयुष्मती जयानंदा राऊत, प्रांजल राऊत, हिमाक्षी राऊत, अंकेश दहाट, आकांक्षा दहाट शामिल है, सभी प्रतिनिधियों को आशीर्वाद एवं मंगलकामनाएँ प्रदान की।